प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 01.12.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार थाना कटघरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 30.11.2024 को वादी संजय जैन पुत्र रमेशचन्द्र जैन निवासी वि0वि0उ0ख0 सप्तम कार्यलय दससराय थाना कटघर मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा सरकारी संस्थान विधुत उपखण्ड कार्यालय दस सराय में घुस कर एक कम्प्यूटर प्रिन्टर ,की बोर्ड, माऊस चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 679/2024 धारा- 305(e) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । विवेचना व साक्ष्यो संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में दीपक सैनी पुत्र चन्द्रपाल सैनी निवासी मौहल्ला सीतापुरी दससराय थाना कटघर जनपद मुरादाबाद का नाम प्रकाश में आया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 01.12.2024 उ0नि0 योगेश कुमार मलिक थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के प्रकाश में आये अभियुक्त दीपक सैनी पुत्र चन्द्रपाल सैनी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से विधुत उपखण्ड कार्यालय से चोरी एक प्रिन्टर, एक कम्पयूटर(मोनीटर), 02 key बोर्ड बरामद किये गये । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 317(2)/331(4) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- अवैध स्मैक के साथ 01 अभियुक्ता गिरफ्तार थाना कटघरः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थो के निर्माण/तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एंव नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 01.12.2024 को म0उ0नि0 कृष्णा दाहिमा व उ0नि0 योगेश कुमार मलिक थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के चैकिगं के दौरान अभियुक्ता आलिया पुत्री सुल्तान निवासी किराये का मकान थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को अवैध 04 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में अभियुक्ता उपरोक्त के विरुद्ध थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 680/2024 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया ।अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3-थाना कोतवाली नगर पुलिस ने 01 वारण्टी को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व वांछित/वारण्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 01.12.2024 को उ0नि0 गौरव कुमार थाना कोतवाली नगर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के वारण्टी अभियुक्त पवन वर्मा पुत्र राममूर्ति सरन वर्मा निवासी ज्ञान मूर्ति काम्पलेक्स कोर्ट रोड थाना कोतवाली नगर जनपद मुरादाबाद संबंधित प्रकीर्ण वाद संख्या-12215/2024 धारा 138 एनआई एक्ट को गिरफ्तार कर संबंधित मा0न्यायालय भेजा गया।

4- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 06 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 01.12.2024 को **थाना ठाकुरद्वारा पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1- मौ० साहिद पुत्र महबूब, 2. महबूब पुत्र फकीरा, 3. मौ० अनस पुत्र महबूब निवासीगण ग्राम राघूवाला थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद तथा **थाना कटघर पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1. महेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश कश्यप निवासी दससराय थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, 2. कृष्ण कुमार पुत्र स्व०रामपाल सिह निवासी ग्राम भैसिया थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 3. मौ0 रमन पुत्र साहिद हुसैन निवासी जाहिद नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।